बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
हमारा बिहार

# समाहरणालय, सहरसा

## महिला एवं बाल विकास निगम (WCDC)

## महिला शक्तिकरण भवन, सहरसा।

फोन :+919955998039,*Email :dpmwcdcsaharsa.wcdc@gmail.com*

पत्रांकः– WCDC/ 58 /26 / सहरसा।

*WCDC*

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
सहरसा।

सेवा में,

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी
सहरसा।

दिनांक 11/06/2026 /

विषयः–मिशन शक्ति योजनान्तर्गत वन स्टॉप सेंटर, सहरसा में रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन जिले के वेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।

प्रसंगः–प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना के पत्रांक – WCDC / 2088 / 23, दिनांक 26.09.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि मिशन शक्ति योजान्तर्गत वन स्टॉप सेंटर, सहरसा में रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाना है।

अतः उपरोक्त नियोजन हेतु विज्ञापन प्रारूप, नियोजन की शर्तें एवं लिंक https://miswcdc.bihar.gov.in/publicweb/BeforeFillingApplicationSah.aspx जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

11/06/26

जिलाधिकारी,
सहरसा।

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
हमारा बिहार

# समाहरणालय, सहरसा

## महिला एवं बाल विकास निगम (WCDC)

## महिला शक्तिकरण भवन, सहरसा।

फोन :+919955998039,*Email :dpmwcdcsaharsa.wcdc@gmail.com* WCDC

वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूपः–

## विज्ञापन प्रारूप

विज्ञापन संख्या – 02/2026

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक – WCDC/2088/23 दिनांक – 26/09/2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, सहरसा के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता/अहर्ता | कार्य अनुभव एवं प्राथमिकता | पदों की संख्या | अधिकतम आयु | मूल मानदेय (कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF देय होगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रशासक (महिला हेतु आरक्षित) केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर की मार्गदर्शिका के अनुरूप वन स्टॉप सेंटर के सुचारू संचालन हेतु उत्तरदाई होंगी। | कानून/समाजकार्य/समाजशास्त्र/समाज विज्ञान/मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर | महिलाओं के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। प्राथमिकता:– महिलाओं के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में परामर्शी के रूप में कार्य अनुभव रखने वाले साथ ही स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। | 01 | 40 वर्ष | 30,000/– |
| 2 | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक) महिला हेतु आरक्षित | पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/डिप्लोमा | सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 01 | 40 वर्ष | 8,000 रूपया समेकित |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
3. उम्र सीमा – संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगी।
   - प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना के ज्ञापांक WCDC/169/2024 दिनांक 18.01.2024 के कंडिका 02 के अनुसार रिक्त पदों पर नियोजन के लिए बिहार सरकार द्वारा निर्धारित उम्मीदवार की न्यूनतम आयु बेसिक ग्रेड के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड या अधिक के लिए 21 वर्ष है।
   - अधिकतम आयु सीमा :–

     अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष
     पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष
     अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष
     अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष
4. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना के प्रयोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
5. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी, समेकित मानदेय वाले पद पर EPF तथा ESIC देय नहीं होगी।
6. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।

7. विभिन्न पदों पर नियोजन हेतु उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

8. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर का कार्य करने का ज्ञान रखता है, तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
9. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. सरकारी/अर्ध –सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
11. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाईटः–http://saharsa.nic.in पर सूचना दी जाएगी। कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
12. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी प्रकार के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
13. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिलाधिकारी, सहरसा के अधीन है। जिलाधिकारी, सहरसा विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
14. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 06.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक अपना आवेदन दिये गये लिंक https://miswcdc.bihar.gov.in/publicweb/BeforeFillingApplicationSah.aspx पर समर्पित करेंगे। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
15. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।
16. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
17. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला NIC के http://saharsa.nic.in वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

जिलाधिकारी,
सहरसा।